# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

**E-Mail Id-***eeupjnsrn@gmail.com* ***CUG Mobile No.-*** +91 9473942678


पत्रांक 5008 / कार्य–65 / 40 दिनांक–12.09.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 12.09.2026 को प्रकाशित टंकी तैयार , नलों मे पानी नही : मतेथू मे सालों पहले दिए गये कनेक्शन , अब भी सप्लाई का इंतजार , गर्मी मे बढ जाती है परेशानी के सम्बन्ध मे ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 12.09.2026 मे प्रकाशित **टंकी तैयार , नलों मे पानी नही : मतेथू मे सालों पहले दिए गये कनेक्शन , अब भी सप्लाई का इंतजार , गर्मी मे बढ जाती है परेशानी** " के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर विकास खण्ड ज्ञानपुर की ग्राम पंचायत वीरभद्रपट्टी पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाइन 19.731 कि0मी0 एवं गृह जल संयोजन 987 नग का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, 01 नग सोलर पैनल, 19.731 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 870 नग गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गये है एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया हैं। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित हैं। तदानुसार कार्य प्रगति पर हैं। शीघ्र ही योजना के समस्त कार्य को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(राजबली)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0 ), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) वाराणसी ।
2. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज , भदोही को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता